**E-mail**

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

**सं0 सं0** : 01/भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (मधेपुरा)संविदा–37/2022 3838 ..............**पटना, दिनांक** : 01/07/2025

## आदेश

बन्दोबस्त पदाधिकारी, मधेपुरा का पत्रांक 562 दिनांक 07.08.2024 द्वारा श्री सुदर्शन कुमार शर्मा (SKN00797), विशेष सर्वेक्षण कानूनगो के विरुद्ध रैयतों से अवैध राशि वसूली करने का वायरल विडियो, वरीय पदाधिकारी के साथ उदंडतापूर्वक व्यवहार करने एवं अन्य आरोप प्रतिवेदित करते हुए चयन मुक्त करने की अनुशंसा की गयी है। वायरल विडियो को कम्प्यूटर सेट पर चलाकार नोडल पदाधिकारी द्वारा रैयतों से अवैध राशि लेने को सम्पुष्ट किया गया है।

पुनः बन्दोबस्त पदाधिकारी का पत्रांक 662 दिनांक 09.09.2024 द्वारा श्री शर्मा के विरुद्ध याददाश्त पंजी शिविर में नहीं रखकर, अपने पास रखते हुए विशेष सर्वेक्षण कार्य को प्रभावित करने जैसे पूरक आरोप प्रतिवेदित की गयी है।

प्रतिवेदित आरोपों के संदर्भ में निदेशालय पत्रांक 13576 दिनांक 03.09.2024 एवं पत्रांक 13847 दिनांक 25.09.2024 द्वारा श्री शर्मा से स्पष्टीकरण की माँग की गयी है। तदोपरान्त प्राप्त स्पष्टीकरण पर निदेशालय पत्रांक 14577 दिनांक 16.12.2024 के आलोक में बन्दोबस्त पदाधिकारी, मधेपुरा का पत्रांक 131 दिनांक 21.02.2025 द्वारा मंतव्य उपलब्ध कराया गया है।

प्राप्त आरोप (वायरल विडियो सहित), स्पष्टीकरण एवं मंतव्य के अवलोकन से स्पष्ट है कि आरोपी का यह कृत्य भ्रष्टाचार में संलिप्तता को प्रदर्शित करता है। ऐसे कर्मी को विशेष सर्वेक्षण जैसे आमजनों से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों में बनाये रखने से अन्य कर्मियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा एवं सरकार की छवि धूमिल होगी।

अतः "बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियामवली, 2019 यथा संशोधित नियमावली, 2022" की कंडिका–08 (4) के तहत श्री सुदर्शन कुमार शर्मा (SKN00797), विशेष सर्वेक्षण कानूनगो, बन्दोबस्त कार्यालय, मधेपुरा का संविदा नियोजन समाप्त किया जाता है।

ह0/- 1/7
**(जे0 प्रियदर्शिनी)**
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 01/भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (मधेपुरा)संविदा–37/2022 3838 ..............**पटना, दिनांक** : 01/07/2025

**प्रतिलिपि** : श्री सुदर्शन कुमार शर्मा (SKN00797), विशेष सर्वेक्षण कानूनगो, बन्दोबस्त कार्यालय, मधेपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/- 1/7
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 01/भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (मधेपुरा)संविदा–37/2022 3838 ..............**पटना, दिनांक** : 01/07/2025

**प्रतिलिपि** : बन्दोबस्त पदाधिकारी, बन्दोबस्त कार्यालय, मधेपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/- 1/7
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 01/भू0अ0नि0 (5) क्षे0आ0 (मधेपुरा)संविदा–37/2022 3838 **पटना, दिनांक** 01/07/2025

**प्रतिलिपि** : श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं इसकी स्कैन कॉपी R2R सॉफ्टवेयर के अन्तर्गत संबंधित कर्मी की व्यक्तिगत संचिका में संधारित करने हेतु प्रेषित।

1/7

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Kavita -Y-2025\Mohit Ji\Order\37-2022-27-06-2025.doc